# नई शिक्षा नीति भारतीयता को स्थापित करेगी

▸ संस्कृति को बनाए रखने में एमपी का महत्वपूर्ण योगदान

**भोपाल, 7 दिसंबर. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा को प्राथमिकता का विषय बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार का आभार मानते हुए रविवार को कहा कि इस राज्य ने धर्म, संस्कृति और ज्ञान परंपरा की निरंतरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.**

प्रधान यहां कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन, चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और अध्यक्ष के रूप में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मौजूद ने भी अपने विचार रखे. राष्ट्रगान की धुन के साथ प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर भी मौजूद थे.

प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि वैज्ञानिकता, दार्शनिक स्पष्टता और आध्यात्मिकता का पुट भारतीय शिक्षा व्यवस्था का आधार रहा है. लॉर्ड मैकाले द्वारा स्थापित शिक्षा व्यवस्था में भारतीयता को स्थापित करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्‌देश्य है. उन्होंने प्रदेश की शैक्षणिक संस्थाओं में न्यू ऐज स्किल जैसे क्वांटम कंप्यूटिंग और



एआई के विस्तार की आवश्यकता बतायी.

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश को शिक्षा-परिवर्तन की दिशा में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए नीति की दिशा, लक्ष्य और समन्वित कार्य-संस्कृति के द्वारा प्रयास करने होंगे. युवाओं के द्वारा प्रदेश और देश समाज को बदलने के विश्वास का प्रतीक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 है. यह भारत के भविष्य को नई दिशा देने की दूरदर्शी कार्ययोजना है, जिसका मूल स्वभाव 'समग्रता' है. उन्होंने नीति के लक्ष्यों समग्र शिक्षा, समग्र विकास और समग्र राष्ट्र-निर्माण से जुड़ी चुनौतियों और मध्यप्रदेश की विशेष परिस्थितियों में उपलब्ध संभावनाओं पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सामूहिक विचार की पहल की सराहना की.

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी है. प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को केवल



शैक्षणिक सुधार न मानकर राज्य के कौशल, नवाचार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण से जोड़ा है. प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों को कुलगुरु संबोधन देकर हमने प्राचीन गुरुकुल आदर्श को आधुनिक व्यवस्था से जोड़ा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व में जिन भी महापुरुषों ने समय की धारा को बदला है, उन महापुरुषों के व्यक्तित्व विकास में गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. गुरु के रूप में महर्षि विश्वामित्र ने श्रीराम की दक्षता क्षमता को निखारने में योगदान दिया.

## थाने में टीआई ने लॉ स्टूडेंट को चप्पलों से मारा

▸ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**शिवपुरी, 07 दिसंबर. जिले के पिछोर थाने में पदस्थ टीआई उमेश उपाध्याय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह थाने के अंदर एक एलएलबी के एक छात्र क्षितिज पाठक को चप्पलों से पीट रहे हैं. यह वीडियो शनिवार रात का बताया जा रहा है. सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मामला सामने आया.**

छात्र भाजपा नेता व अधिवक्ता का बेटा बताया जा रहा है, किसी साथी के साथ शिकायत दर्ज कराने गया था. थाने के अंदर एक लॉ स्टूडेंट्स को चप्पल से पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद पिछोर टीआई उमेश उपाध्याय ने अपनी सफाई में कहा कि यह वीडियो एआई से बनाया गया है. वहीं युवक का आरोप है कि वह थाने में रिपोर्ट लिखाने गया था, लेकिन टीआई ने पहले गाली गलौज किया, फिर मारपीट की और बाद में मामला दर्ज कर रात भर बंद कर पीटा. पीड़ित छात्र क्षितिज पाठक ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ जब थाने पहुंचे तो वहां दो ही पुलिसकर्मी थे. एक महिला अपनी शिकायत आरक्षक को लिखवा रही थी. क्षितिज ने एफआईआर दर्ज करने की बात कही. इसी दौरान सिविल ड्रेस में थाना प्रभारी उमेश उपाध्याय वहां पहुंच गए.

## बड़वानी में गैंगरेप का तीसरा आरोपी पकड़ाया

**बड़वानी.** अंजड़ थाना क्षेत्र में महिला से रेप के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. रविवार को अंजड़ पुलिस ने रविवार को जितेंद्र पाटीदार फोगला को हिरासत में लिया. इस मामले में पुलिस पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है. महिला ने 24 नवंबर को अंजड़ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी. इसमें दो नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. पुलिस ने पहले कांग्रेस के पानसेमल ब्लॉक अध्यक्ष मनीष पिता कन्हैयालाल गोयल (निवासी तलवाड़ा बुजुर्ग, हाल मुकाम पानसेमल) और भगवान पिता टीकम सोलंकी (निवासी तलवाड़ा बुजुर्ग) को गिरफ्तार किया था.

## इंदौर में हवाई सफर बुरी तरह पटरी से उतरा

▸ एक दिन में 24 फ्लाइटें रद्द यात्रियों का हंगामा

▸ भोपाल में 4, जबलपुर-ग्वालियर में 2-2 उड़ानें ठप

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के एयरपोर्ट पर रविवार ऐसा दिन साबित हुआ, जब यात्रियों को घंटों लाइन में लगना पड़ा, कई उड़ानें रद्द होने से हंगामे की नौबत आ गई और इंदौर की कनेक्टिविटी इतिहास में पहली बार इतनी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं. जिसमें 24 फ्लाइटें रद्द हुई है.**

रविवार को इंदौर से इंडिगो की 24 उड़ानें रद्द रहीं. इनमें दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता, चेन्नई, चंडीगढ़, जयपुर, गोवा, नागपुर, रायपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद और जम्मू जैसे प्रमुख शहरों के रूट शामिल रहे. कई शहरों की एक से अधिक उड़ानें भी निरस्त की गई. एयरपोर्ट पर सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं. चेक-इन और काउंटरों पर यात्रियों ने हंगामा किया. उड़ानों का संचालन होने पर भी एक भी सीट खाली नहीं मिली. वहीं सीटें मिलने पर किराया सामान्य से कई गुना अधिक वसूला गया. इंदौर एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार से हालात सुधरने की उम्मीद थी, क्योंकि रोस्टर नियम वापस ले लिया था.

# बर्फीली हवाओं ने प्रदेशभर में बढ़ाई सर्दी

**10** डिग्री से नीचे मध्यप्रदेश के 21 शहर | **48** घंटों के लिए शीतलहर और कोल्ड वेव का अलर्ट जारी | **24** घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा

**भोपाल, 7 दिसंबर. उत्तर भारत में एक्टिव ठंड का असर अब मध्यप्रदेश में भी गहराता जा रहा है. प्रदेशभर में बर्फीली हवाओं ने तापमान को तेजी से नीचे धकेल दिया है, जिससे कई जिलों में शीतलहर और शीत दिवस की स्थितियाँ बनने लगी हैं. मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए शीतलहर और कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है.**

प्रदेश के 21 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है, जिससे आमजन को ठिठुरन का सामना करना पड़ रहा है. शनिवार-रविवार की रात राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 7°C रिकॉर्ड किया गया. इंदौर और ग्वालियर में पारा 8.4°C तथा जबलपुर में 8.6°C तक गिर गया. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर से लगातार आ रही ठंडी हवाएं और बादल न रहने से रातें और अधिक सर्द हो रही हैं. पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा. भोपाल और शहडोल जिलों में शीतलहर का असर देखने को मिला, जबकि शाजापुर, नरसिंहपुर और बैतूल जिलों में शीत दिवस (कोल्ड डे) की स्थिति दर्ज की गई. अधिकतम तापमान में भी खासा उतार-चढ़ाव देखने को मिला. इंदौर और उज्जैन संभागों में दिन का तापमान सामान्य से 3.3°C से 3.5°C तक कम रहा. वहीं भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल, रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7°C से 2.7°C तक नीचे रहा. न्यूनतम तापमान की बात करें तो भोपाल संभाग के जिलों में यह सामान्य से 4.1°C तक कम दर्ज किया गया.



**अलर्ट वाले क्षेत्र**
- **शीतलहर:** भोपाल, इंदौर
- **शीत दिवस:** धार, नरसिंहपुर
- शीतलहर व शीत दिवस दोनों

## मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से मिले मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत




**भोपाल.** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को अपने भोपाल प्रवास के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के निवास पर भेंट करने पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई.

## मकानों पर चला बुलडोजर

▸ अधिकारियों को धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 7 दिसंबर. जिले में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पीछे प्रताप नगर में बने मकानों पर रविवार दोपहर प्रशासन का बुलडोजर चला. कोर्ट के आदेश के बाद आलीशान पक्के मकान तोड़े गए. मकान मालिकों ने कार्रवाई का विरोध किया, जिसके चलते मौके पर भारी पुलिस बल और आला अधिकारी तैनात रहे.**

प्रताप कॉलोनी में आम रास्ता बंद कर बनाए गए चार मकानों पर कार्रवाई के दौरान एक युवक ने अतिक्रमण हटाने वाली टीम को गोली मारने की धमकी दे दी. पुलिस ने तत्काल मौके से उसे



गिरफ्तार कर लिया. प्रशासन ने दीपक शर्मा, जगदीश शर्मा, राजेंद्र कुशवाह और सोबरन कुशवाह के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया. तोड़े गए ढांचों में एक स्प्रिंगलेस स्कूल भी शामिल है. कुल छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई. अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को स्थानीय महिलाओं और पुरुषों के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा. तनावपूर्ण माहौल देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया और स्थिति को नियंत्रण में रखा गया.

## 2017 से बंद पड़े ओबीसी सम्मान : कांग्रेस

विशेष संवाददाता

**भोपाल,7 दिसंबर. मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति (2024-25) की रिपोर्ट ने एक चिंताजनक तथ्य उजागर किया है—पिछड़ा वर्ग के महापुरुषों के नाम पर दिए जाने वाले तीन प्रमुख राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2017 से लगभग बंद पड़े हैं।**

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभिनव बरोलिया ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने कहा कि स्व. रामजी महाजन स्मृति सम्मान, महात्मा ज्योतिबा फुले पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार और सावित्रीबाई फुले राज्य पुरस्कार को लगातार स्थगित रखना सरकार की मानसिकता और



बरोलिया ने कहा कि ओबीसी समुदाय केवल चुनावी वोटबैंक नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश की गौरवशाली और रचनात्मक सामाजिक धुरी है. कांग्रेस, उन्होंने कहा, सड़क से लेकर सदन तक ओबीसी के अधिकारों, प्रतिनिधित्व और सम्मान की लड़ाई लगातार मजबूती से जारी रखेगी.

उसकी प्राथमिकताओं को उजागर करता है. बरोलिया ने तर्क दिया कि योग्य व्यक्तियों की कमी नहीं है, बल्कि सरकार की राजनीतिक उदासीनता ने इन सम्मान को अप्रासंगिक बना दिया है. जो पुरस्कार समाज को प्रेरणा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए थे, वे आज सरकारी फाइलों में सांसें गिनने की स्थिति में हैं.

उन्होंने कहा कि यदि सरकार में इन पुरस्कारों को पुनः शुरू करने की इच्छाशक्ति नहीं है, तो नैतिक रूप से इन्हें औपचारिक रूप से बंद करने की घोषणा कर दे. उन्होंने सवाल उठाया कि चुनाव आते ही ओबीसी समाज की याद आना और चुनाव खत्म होते ही उनके सम्मान, बजट व योजनाओं का फाइलों में दब जाना किस तरह का विरोधाभास है?

## मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला और बच्चे की मौत

**जबलपुर, 07 दिसंबर. जिले में रेलवे लाइन पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला और चार साल के एक लड़के की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। रेलवे के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मदन महल रेलवे स्टेशन पर हुई।**

रेलवे सुरक्षा बल स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक राजीव खर्ब ने बताया कि मृतक पुष्पा सोनी (40) और राजवीर पटेल और अन्य पीड़ित रानी कमलापति-मदन महल जनशताब्दी एक्सप्रेस से मदन महल स्टेशन पहुंचे थे। अधिकारी ने बताया कि सभी लोग प्लेटफॉर्म संख्या एक से पटरियों को पार करते हुए प्लेटफॉर्म संख्या दो की ओर बढ़ रहे थे, तभी एक मालगाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि अन्य पीड़ितों सागर बाई उर्फ नन्हीं बाई (50), शिवानी (22) और उसके बच्चे रितु (4) और इंद्रजीत (2) घायल हो गए जबकि एक अन्य महिला सनो बी बाल-बाल बच गई। पीड़ितों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया.

## श्रमिक वर्ग को एकजुट करने के उद्देश्य से हुई बैठक

विशेष संवाददाता

**भोपाल,07 दिसंबर. ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स एवं अस्थायी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का प्रांतीय सम्मेलन रविवार को शाहजानी पार्क में संपन्न हुआ, जिसमें राज्यभर के श्रमिक वर्ग को एकजुट करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए. बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने की, मुख्य अतिथि के रूप में अनिल बाजपेयी उपस्थित रहे, जबकि कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने संचालन किया.**

बैठक में दर्जनभर से अधिक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें कोटवार संघ, युवा आउटसोर्स संघ, पंचायत चौकीदार संघ, अंशकालिक कर्मचारी संघ, बैंक मित्र संगठन, आशा कार्यकर्ता संघ तथा स्वच्छताग्राही संगठन के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से मौजूद रहे.

सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण कामगार क्रांति मंच का प्रस्ताव रहा, जिसे सरकार एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत आउटसोर्स, अस्थायी, अंशकालिक, ठेका एवं औद्योगिक श्रमिकों को एक छतरी के नीचे लाने के उद्देश्य से गठित किया जाएगा. यह मंच भविष्य के सभी आंदोलनों और रणनीतियों का नेतृत्व करेगा, विशेषकर नौकरी सुरक्षा और सम्मानजनक वेतन की मांगों के लिए.



मोर्चा ने तीन आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की भी घोषणा की—5 जनवरी 2026 को विकास भवन में भूख हड़ताल, 19 जनवरी 2026 को लोक शिक्षण संचालनालय पर राज्यस्तरीय धरना, और 23 फरवरी 2026 को जबलपुर उच्च न्यायालय में पांच लाख कर्मचारियों के हस्ताक्षरों के साथ जनहित याचिका दाखिल करना. नेताओं ने कहा कि ठेकाकरण और निजीकरण के बढ़ते प्रभाव से उत्पन्न आक्रोश अब एक मजबूत और निर्णायक संघर्ष में बदलेगा, जिससे कर्मचारियों को न्याय, सुरक्षा और उचित वेतन सुनिश्चित हो सकेगा.

## 1 .82 करोड़ के मोबाइल लौटाए ईमानदार नागरिक भी सम्मानित

**ग्वालियर,7 दिसंबर .** जिले में ग्वालियर पुलिस की साइबर सेल ने तेरा तुझको अर्पण अभियान के तहत दिसंबर माह में 1.82 करोड़ रुपये कीमत के 736 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को वापस लौटा दिए. पूरे वर्ष 2025 में अब तक 3.72 करोड़ रुपये मूल्य के 1503 मोबाइल खोजकर सौंपे जा चुके हैं. मोबाइल मिलने पर कई लोग, जिन्होंने उम्मीद लगभग छोड़ दी थी, खुशी से भावुक हो उठे. पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह यादव और साइबर सेल टीम ने सभी आवेदकों को उनके मोबाइल सौंपे, जिन्होंने फोन गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी. मोबाइल पाने वालों में पूर्व सैनिक, किसान, छात्र, मजदूर, गृहिणी समेत कई लोग शामिल थे. कुछ लोग ऐसे भी थे जिन्हें एक साल बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर विश्वास ही नहीं हुआ.


**-: निविदा विज्ञप्ति :-**

वन सुरक्षा समिति पुराना पन्ना, उत्तर वनमंडल पन्ना के अन्तर्गत अनुमानित 12000 बांस भिर्रा की सफाई/कटाई कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी खुली बोली स्मृतिवन पन्ना ईको सेन्टर भवन छतरपुर रोड़ में दिनांक 09.12.2025 को प्रात: 11.00 बजे आयोजित की जानी है। उक्त कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक, बांस भिर्रा सफाई/कटाई कार्य का अनुभव रखने वाले अनुभव दस्तावेजो सहित स्मृतिवन पन्ना ईको सेन्टर भवन छतरपुर रोड़ में दिनांक 09.12.2025 को प्रात: 11.00 बजे आमंत्रित है।

**अध्यक्ष, वन सुरक्षा समिति पुराना पन्ना**



**इस्तहार नोटिस**

**आरा मशीन के नामांतरण स्थानांतरण के संबंध में**

मैं सतनाम सिंह चावला पिता श्री नानक सिंह चावला निवासी वार्ड क्रमांक 5 परसाई कॉलोनी टिमरनी तहसील टिमरनी जिला हरदा मध्य प्रदेश अपने स्वामित्व की आरा मशीन को श्रीमती सीता सिंह पत्नी राजेश सिंह निवासी ग्राम बेलहा पोस्ट खर्रा तहसील नईगढी जिला मऊगंज मध्य प्रदेश को विक्रय कर चुका हूं तथा विक्रय प्रतिफल राशि प्राप्त कर लिया है इस संबंध में मुझे कोई आपत्ति नहीं है एवं मैं नामंतरण/स्थानांतरण हेतु अपनी सहमति प्रदान करता हूं एवम मैं श्रीमती सीता सिंह पत्नी राजेश सिंह निवासी ग्राम बेलहा पोस्ट खर्रा तहसील नईगढी जिला मऊगंज मध्य प्रदेश उपरोक्त आरा मशीन की क्रेता हूं मैं उपरोक्त आरा मशीन को मेरे स्वामित्व भूमि खसरा नंबर 52/1 रकवा 0.4780 हेक्टेयर ग्राम खर्रा तहसील नईगढी जिला मऊगंज वन मंडल रीवा मध्य प्रदेश पर स्थापित करना चाहती हूं अत: हम दोनों पक्ष के बारिशान को सूचित किया जाता है कि 15 दिवस के अंदर वन मंडल कार्यालय हरदा एवम वन मंडल कार्यालय रीवा में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं अत: हम दोनों संयुक्त रूप से निवेदन करते हैं कि उपरोक्त आरा मशीन का नामंतरण/स्थानांतरण विक्रेता सतनाम सिंह चावला के वजाय क्रेता श्रीमती सीता सिंह पत्नी राजेश सिंह के नाम पर नामंतरण/स्थानांतरण करने की कार्यवाही की जाय।

प्रार्थीगण


| क्रेता | विक्रेता |
|---|---|
| सीता सिंह पति राजेश सिंह<br>निवासी ग्राम बेलहा पोस्ट खर्रा<br>तहसील नईगढी<br>जिला मऊगंज मध्य प्रदेश | सतनाम सिंह चावला<br>पिता श्री नानक सिंह चावला<br>वार्ड क्रमांक 5 परसाई कॉलोनी टिमरनी<br>तहसील टिमरनी जिला हरदा मध्य प्रदेश |


भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बोले— ▸ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की प्रतिक्रिया

# मार्च 2026 से पहले खत्म होगा नक्सलवाद

**भोपाल, 07 दिसंबर . भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बालाघाट में 10 हार्डकोर नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना की. उन्होंने कहा कि सरकार की प्रभावी रणनीति और सुरक्षाबलों की सटीक कार्रवाई से मध्यप्रदेश ही नहीं, देशभर में नक्सलवाद अब तेजी से समाप्ति की कगार पर है.**

खण्डेलवाल ने कहा कि



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन मध्यप्रदेश इससे पहले ही नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पुनर्वास कार्यक्रम और सुरक्षा अभियानों ने इसकी कमर तोड़कर रख दी है.

उन्होंने बताया कि नवंबर में एक महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया था और अब एक साथ 10 नक्सलियों का समर्पण इस बात का प्रमाण है कि नक्सलवाद मध्यप्रदेश में कमजोर पड़ चुका है.

भाजपा सरकार की प्रभावी पुनर्वास नीति से नक्सली हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं. खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश में कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है. सरकार की स्पष्ट नीति है कि जो हथियार छोड़कर लौटना चाहते हैं, उनका स्वागत किया जाएगा, लेकिन हिंसा की राह पर चलने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने सभी नक्सलियों से अपील की कि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर शांति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें.

## मुख्य लोको निरीक्षकों ने सिग्नल से जुड़ी बारीकयों पर की चर्चा

**भोपाल 7 दिसंबर. भोपाल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रविवार को मुख्य लोको निरीक्षकों की संगोष्ठी में ट्रेन संचालन के दौरान सिग्नल को खतरे की स्थिति में पार करने (एसपीएडी) की घटनाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी.**

इस संगोष्ठी में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और मुख्य लोको निरीक्षकों ने मुख्य रूप से भागीदारी सुनिश्चित की. संगोष्ठी का उद्घाटन संबोधन मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने दिया. श्री त्यागी ने कहा कि एसपीएडी घटनाओं को पूरी तरह रोकने के लिए लोको पायलटों को प्रभावी परामर्श, सतत जागरुकता और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए.



अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे और योगेंद्र बघेल भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे.भोपाल मंडल के कुल 18 मुख्य लोको निरीक्षक शामिल हुए, जिनमें भोपाल डिपो के 16, इटारसी डिपो के 8, बीना डिपो के 3 और गुना डिपो के 3 शामिल हैं.